हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 3 नवंबर 2025

06 सुशासन गुड-गवर्नेंस पहल के तहत अवकाश के...



07 जिला पंचायत सीईओ और एसडीएम भी पहुंचे रामेश्वर





## खबर संक्षेप

### गोपनीय सामग्री का वितरण संपन्न

**सागर।** लोक शिक्षण संचनालय मध्य प्रदेश के निर्देशानुसार कक्षा 9 10, 11, 12 की अर्धवार्षिक परीक्षा 3 नवंबर से आयोजित की जाना है जिसकी गोपनी सामग्री का वितरण जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद जैन के द्वारा कराया गया प्राचार्य एवं नोडल अधिकारी महेंद्र प्रताप तिवारी ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार अपनी सामग्री का वितरण पुरी गोपनीयता के साथ वितरित किया गया वितरण करने की पक्ष सभी गोपी सामग्री संबंधित विद्यालयों की पुलिस थानों में पुलिस की अभी रक्षा में रखी गए हैं जो की प्रश्न पत्र की समय सारणी के अनुसार प्रतिदिन निकाले जाएंगे। अर्धवार्षिक परीक्षा 2025 की गोपनीय सामग्री पंडित रविशंकर शुक्ल स्कूल सागर द्वारा जिला अंतर्गत समस्त शासकीय विद्यालयों को आज वितरित की गई।

### फूला बाई पवार के निधन पर कांग्रेसजनों नें शोक व्यक्त किया

**सागर।** जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के कार्यालय प्रभारी मनोज पवार की माँ फूला बाई के निधन पर कांग्रेसजनों नें शोक व्यक्त किया है। जिलाध्यक्ष ग्रामीण कांग्रेस कमेटी भूपेंद्र सिंह मुहासा नें कांग्रेस के जिलाध्यक्षो के प्रशिक्षण कार्यक्रम में पचमढ़ी में प्रवास के कारण दूरभाष पर मनोज पवार सें बात कर सांत्वना दी। नरयावली नाका मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम संस्कार में पूर्व मंत्री सुरेंद्र चौधरी, जिला ग्रामीण कांग्रेस मीडिया प्रभारी आशीष ज्योतिषी, पूर्व जिलाध्यक्ष जगदीश यादव, पूर्व पार्षद राकेश राय, जतिन चौकसे, अजय यादव, सूर्या शुक्ला, दिव्यांश मुहासा, ठाकुर दास कोरी, धन सिंह अहिरवार, कमल चौधरी, अजय अहिरवार, शिवराज लड़िया, विनोद यादव श्रीसिंह घोसी, उत्तम राव तावड़े, सन्ना भाईजान, वीरेंद्र महावते और बड़ी की संख्या में सजातीय, मोहल्ले वाले एवं कांग्रेस जनों ने पहुंचकर मृत आत्मा की शांति के लिए आयोजित शोकसभा में प्रार्थना की।

### प्राकृतिक खेती पर विकास खंड स्तरीय कृषक संगोष्ठी का आयोजन

**सागर।** कलेक्टर सह अध्यक्ष आत्मा गर्वनिंग बोर्ड संदीप जी आर के निर्देशन में प्राकृतिक खेती पर आधारित आत्मा परियोजनान्तर्गत विकासखंड स्तरीय कृषक संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन ग्राम पंचायत झागरी, विकासखंड बंडा, जिला सागर मे किया गया। उक्त कार्यक्रम में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बंडा श्री रवीश श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में, जिला उपाध्यक्ष भाजपा शैलेंद्र सिंह ठाकुर, वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख कृषि विज्ञान केंद्र देवरी डॉ. आशीष त्रिपाठी, परियोजना संचालक आत्मा एम.के.प्रजापति, सहायक संचालक कृषि सागर जितेन्द्र सिंह राजपूत, सरपंच झागरी ओमकार सिंह, विकासखंड तकनीकी प्रबंधक सागर शैलेष पाण्डेय, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी बंडा यू.एस. अहिरवार, विकासखंड तकनीकी प्रबंधक बंडा निधि पाण्डेय, कृषि विस्तार अधिकारी राजेंद्र मालवीय एवं सजल जैन, प्रगतिशील कृषक अनुराग सिंह सहित 150 से अधिक कृषकों की उपस्थिति मे सपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्रीवास्तव के द्वारा प्राकृतिक खेती और जैविक खेती को विस्तार से समझाया और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने और शासन के द्वारा चलाए जा रहे हैं अभियानों के बारे में विस्तार से किसानों से चर्चा की, साथ में उन्नत तरीके से खेती के साथ साथ कम से कम 1 एकड़ में प्राकृतिक खेती करने वाले किसानों को चिन्हित कर उन्हें अन्य जगहों में प्राकृतिक खेती की जानकारी प्रदान करने के लिए विभाग को निर्देशित किया। वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ त्रिपाठी ने प्राकृतिक खेती को विस्तार से किसानों के बीच में रखकर उदाहरण सहित साझा की।

## ग्राम खैजरामाफी और निवोदिया को मिली करोड़ों रुपए के विकास कार्यों की सौगात

# विकास कार्यों की नहीं कोई कमी, हर गांव में बिछा सड़कों का जाल: मंत्री गोविंद सिंह राजपूत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



सुरखी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम खैजरा और निवोदिया में खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने उप स्वास्थ्य केंद्र, आंगनवाड़ी भवन, अटल टिंकरिंग लैब, खेल मैदान, आयुष वेलनेस सेंटर, पंचायत भवन, सामुदायिक भवन, ग्रेवल रोड, निवोदिया से हिरनखेड़ा सीमेंट क्रंक्रीट मार्ग जैसे करोड़ों के विकास कार्यों की सौगात दी। लोकार्पण कार्यक्रम में मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कहा कि सुरखी विधानसभा में विकास कार्यों की कोई कमी नहीं है। हर गांव के लिए सड़क पहुंच मार्ग से जोड़कर विकास की नई इबारत सुरखी विधानसभा क्षेत्र में लिखी गई है। इतने कम समय में सबसे अधिक विकास कार्य करने की अगर बात आती है तो सुरखी विधानसभा क्षेत्र का नाम सबसे आगे आता है। अब यह विकास कार्य सुरखी विधान सभा क्षेत्र में नजर आने लगे हैं। घर-घर नल जल योजना के माध्यम से पानी पहुंच रहा है। हर ग्रामीण क्षेत्र में स्कूल है ताकि हमारे बच्चे शिक्षा से वंचित न रहे। अस्पताल खोल कर ग्रामीणजनों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। इसके साथ ही युवा पीढ़ी का समग्र विकास हो सके जिसको लेकर खेल मैदानों का निर्माण खेल सामग्री उपलब्ध कराई गई है। इसके साथ ही सामुदायिक भवन आदि का कार्य हर क्षेत्र में चल ही रहा है। मंत्री श्री राजपूत ने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव का संकल्प है कि हर वर्ग के लिए विकास योजनाओं से जोड़ेंगे जिसके तहत हर जरूरत मंद परिवार को प्रधानमंत्री आवास दिए जा रहे हैं। सुरखी विधानसभा क्षेत्र में सैंकड़ों की संख्या में प्रधानमंत्री आवास दिये गये हैं आलम यह है कि कच्चे मकान कम ही नजर आते हैं। किसान भाईयों के लिए किसान सम्मान निधि सहित भावांतर योजना से लाभ दिया जा रहा है। मंत्री श्री राजपूत ने कहा कि विकास कार्यों की कोई कमी नहीं है। आपके आर्शीवाद से यह विकास का क्रम इसी तरह चलता रहेगा। भाजपा सरकार और मैं हमेशा आपके विकास के लिए तत्पर हूं। मंत्री श्री राजपूत ने ग्राम खैजरा माफी में आंगनवाड़ी भवन 9.50 लाख, अटल लेब 16.30 लाख, खेल मैदान 5 लाख, आयुष वेलनेस सेंटर, 4.50 हजार, उपस्वास्थ्य केंद्र नवीन भवन 49.14 लाख एवं ग्राम निवोदिया में पंचायत भवन 20.83 लाख, चबूतरा निर्माण 1.50 लाख, सामुदायिक भवन 5.80 लाख, गे्रवल रोड निवोदिया 20 लाख, निवोदिया से हिरनखेड़ा पहुंच मार्ग 280.90 लाख, आंगनवाड़ी भवन 11.22 लाख सहित करोड़ों के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। विकास कार्यों की मिली सौगात से उत्साहित क्षेत्रवासियों मंत्री श्री राजपूत का गरिमामय भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया।

इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष प्रियंकर तिवारी, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र रघुवंशी, पूर्व मंडल अध्यक्ष अमित राय, सचिन घोषी, शैलेंद्र श्रीवास्तव, विनोद कपूर, विनोद ओसवाल, गोविंद सिंह बटयावदा, अरविंद सिंह टिंकू राजा, रणवीर घोषी, जहीर कुरैशी, संजय किटु एवं भाजपा कार्यकर्ता पदाधिकारी सहित सैंकड़ों ग्रामवासी उपस्थित रहे।



### प्रकाश पर्व के पूर्व नगर कीर्तन यात्रा का कांग्रेस सेवादल परिवार ने किया स्वागत

**सागर।** कार्तिक माह की पूर्णिमा 5 नवंबर को गुरू नानक देव जी की जन्मजयंती और प्रकाश पर्व के पूर्व शहर में नगर कीर्तन यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा का प्रारंभ गुरूद्वारा भगवानगंज से प्रारंभ हुआ। यात्रा के शहर के ह्रदय स्थल तीनबत्ती पर पहुंचते ही शहर कांग्रेस सेवादल परिवार ने यात्रा पर पुष्प वर्षा कर के भव्य स्वागत किया। यात्रा में सम्मिलित सिख समाज के पंच प्यारों का पुष्पमाला पहनाकर सम्मान किया गया। गुरू ग्रंथ साहब का पूर्ण आस्था से अर्चना की गयी। स्वागतकर्ताओं में शहर सेवादल अध्यक्ष सिंटू कटारे, पप्पू गुप्ता, भेयन पटेल, हरिश्चंद्र सोनवार, श्रीदास रैकवार, संजय रैकवार, अन्नू घोषी, पकंज सोनी, लकी पंडा, तरूण सैनी, रवि जैन, फहीम अंसारी, परख शुक्ला आदि सम्मिलित रहे।

### दिगंबर जैन पाठशाला सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार से सम्मानित

**गढ़ाकोटा।** सागर जिले के गढाकोटा के चौधरी जैन मंदिर की स्थित श्री दिगंबर जैन पाठशाला को प्रमाणिक समूह द्वारा अक्टूबर 25 माह की सर्वश्रेष्ठ पाठशाला का पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्रमाणिक पाठशाला समूह बच्चों की नैतिक एवं धार्मिक शिक्षा व धर्म प्रभावना के लिए पूरे देश में मुनि श्री 108 प्रमाण सागर जी मुनिराज के मंगल निर्देशन में पाठशालाएं संचालित करता है। इस प्रकार का पुरस्कार मिलना नगर एवं समाज के लिए बहुत ही गौरव की बात है। इस अवसर पर पाठशाला के मंत्री प्रवीण सिंघई ने बताया कि गढ़ाकोटा कि इस पाठशाला की स्थापना आज से लगभग 80 वर्ष पूर्व परम पूज्य गणेश प्रसाद जी वर्णी जी महाराज जी की पावन प्रेरणा से स्थापित की गई थी। तब से आज तक यह पाठशाला अनवरत रूप से चल रही है। पाठशाला में बच्चों को नैतिक शिक्षा, धार्मिक शिक्षा, रविवारीय पूजन, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं अन्य माध्यमों से संस्कारित किया जाता है एवं उनका सर्वांगीण विकास किया जाता है। पाठशाला में बच्चों को निस्वार्थ भाव से नैतिक शिक्षा एवं ज्ञान दान देने वाली दीदी दीपा चौधरी, लता गुरहा, आराधना मोदी, सविता गुरहा, रक्षा सिंघई, दिया चौधरी एवं आभा गोदरे की धर्म प्रभावना के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने के लिए सराहना की गई। समाज का गौरव बढ़ाने की इस पुनीत कार्य की अहमेंन्द्र चौधरी, अंकित अकुल, विमल चौधरी, राजीव सिंघई, संजय चौधरी, प्रवीण सिंघई, विमल चौधरी, मनीष चौधरी, मनीष तेंदूखेड़ा, प्रियंक सिंघई, प्रशांत सिंघई, अंकित चौधरी ने पाठशाला परिवार को बधाई दी।

### भागवत कथा में कथा व्यास पं. बालकृष्ण शास्त्री ने सुनाया रुक्मिणी विवाह प्रसंग



**रहली।** हरेराम संकीर्तन मंडल द्वारा चनोआ में चल रही श्रीमद भागवत कथा के षष्ठम दिवस कथा व्यास बालकृष्ण महाराज नवेली कुंज श्रीधाम वृंदावन ने उधव चरित्र, महारासलीला व रुक्मिणी विवाह का वर्णन किया। महाराज जी ने कहा कि गोपियों ने भगवान श्रीकृष्ण से उन्हें पति रूप में पाने की इच्छा प्रकट की। भगवान श्रीकृष्ण ने गोपियों की इस कामना को पूरी करने का वचन दिया। अपने वचन को पूरा करने के लिए भगवान ने महारास का आयोजन किया। इसके लिए शरद पूर्णिमा की रात कृष्ण की बांसुरी की धुन सुनकर सभी गोपियां अपनी सुध-बुध खोकर कृष्ण के पास पहुंच गईं। उन सभी गोपियों के मन में कृष्ण के नजदीक जाने, उनसे प्रेम करने का भाव तो जागा, लेकिन यह पूरी तरह वासना रहित था। इसके बाद भगवान ने रास आरंभ किया। माना जाता है कि वृंदावन स्थित निधिवन ही वह स्थान है, जहां श्रीकृष्ण ने महारास रचाया था। यहां भगवान ने एक अद्भुत लीला दिखाई थी, जितनी गोपियां उतने ही श्रीकृष्ण के प्रतिरूप प्रकट हो गए। सभी गोपियों को उनका कृष्ण मिल गया और दिव्य नृत्य व प्रेमानंद शुरू हुआ। कंस वध प्रसंग उपरांत द्वारिका गमन और रुक्मिणी विवाह का वर्णन करते हुऐ कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने सभी राजाओं को हराकर विदर्भ की राजकुमारी रुक्मिणी को द्वारका में लाकर उनका विधिपूर्वक पाणिग्रहण किया। कथा के साथ-साथ भजन संगीत भी प्रस्तुत किया गया। इस सात दिवसीय भागवत कथा का सफल संचालन के लिए आयोजक मंडली के सहयोगियों का सराहनीय योगदान रहा।

## भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए निर्देशों का सभी अधिकारी अनिवार्य रूप से करें पालन : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप जी आर ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के संबंध में जिले के समस्त अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए निर्देशों का सभी अधिकारी अनिवार्य रूप से करें पालन कर कार्य करें। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप जी आर ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के संबंध में दिए गए निर्देशों का अनिवार्य रूप से पालन करें। उसे अच्छी तरह से अध्ययन कर लें। भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर जाकर कोई भी मतदाता 2003 की मतदाता सूची को देख सकता है। इसके अलावा मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी की वेबसाइट पर भी मतदाता सूची उपलब्ध है। विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान बीएलओ तीन बार मतदाताओं के घर घर जाएंगे, यह सुनिश्चित करें। इसके साथ ही जो व्यक्ति 1 जनवरी 2026 को 18 वर्ष की आयु पूरी कर रहा है, वह भी मतदात सूची में अपना नाम जुड़वाने के लिए आवेदन कर सकता है। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए फॉर्म 6, हटवाने के लिए फॉर्म 7 और सुधार या संशोधन के लिए मतदाता को फॉर्म 8 भरना होगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप जी आर ने बताया कि एन्यूमरेशन फार्म भरने में यदि कोई व्यक्ति मिथ्या घोषणा करता है तो जुर्माने या कारावास के लिए दंडनीय होगा।

**28 अक्टूबर से 7 फरवरी तक चलेगी प्रक्रिया**

कलेक्टरने बताया कि एसआई आर की प्रक्रिया 28 अक्टूबर से शुरू होकर 8 फरवरी तक चलेगी। इस बीच 28 से 3 नवंबर तक बीएलओ को ट्रेनिंग दी जाएगी। 4 नवंबर से 4 दिसंबर तक बीएलओ द्वारा घर घर जाकर सर्वे किया जाएगा।9 दिसंबर को मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन किया जाएगा। 9 दिसंबर से 8 जनवरी तक दावा आपत्तियों के आवेदन लिए जाएंगे। 9 दिसंबर से 31 जनवरी 2026 तक दस्तावेजों का सत्यापन किया जाएगा। इसके बाद 7 फरवरी को फाइनल मतदाता सूची का प्रकाशन होगा।

### मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण वर्ष 2026 के संबंध में बीएलओ, सुपरवाईजर का प्रशिक्षण संपन्न

**सागर।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मप्र भोपाल तथा कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप जी आर के निर्देशानुसार विधानसभा क्षेत्र 041 सागर के समस्त 248 बीएलओ एवं 25 सुपरवाईजरों का प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनर द्वारा शासकीय सहोद्रा राय पॉलीटेकनिक महाविद्यालय सागर में दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में संयुक्त कलेक्टर एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी विधानसभा क्षेत्र 041 सागर आरती यादव द्वारा बीएलओ एवं सुपरवाईजरों को निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों की जानकारी दी है एवं बताया गया कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य को दृष्टिगत रखते हुये सभी बीएलओं राजनैतिक दलों के द्वारा नियुक्त बीएलए से समन्वय कर उक्त कार्य निस्पक्षता से शत प्रतिशत शुद्धता के साथ पूर्ण करें।प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर द्वारा निर्देशित किया कि सभी बीएलओ एवं सुपरवाईजर निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश अनुसार उक्त सौंपा गया कार्य पूर्ण करें।

### पीटीएस एवं जेएनपीए सागर द्वारा संयुक्त रूप से रन फॉर यूनिटी का आयोजन

**सागर।** भारत सरकार गृह विभाग एवं पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती एवं राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर "रन फॉर यूनिटी" का आयोजन 31 अक्टूबर को पुलिस प्रशिक्षण शाला (पीटीएस) सागर में किया गया। इस 3 किलोमीटर की दौड़ में जवाहरलाल नेहरू पुलिस अकादमी (जेएनपीए) एवं पीटीएस सागर के अधिकारी, कर्मचारी तथा प्रशिक्षणरत 300 नव आरक्षक सम्मिलित हुए। दौड़ की शुरुआत परेड ग्राउंड नंबर 01 से पुलिस अधीक्षक लवली सोनी ने हरी झंडी दिखाकर की, जो 10वीं बटालियन पेट्रोल पंप तिराहे से होकर पुनः परेड ग्राउंड पर समाप्त हुई। यह दौड़ राष्ट्रीय एकता दिवस की भावना को सशक्त करने, देश की एकता एवं अखंडता के संरक्षण का संदेश देने हेतु आयोजित की गई। आयोजन में पीटीएस एवं जेएनपीए सागर के सभी अधिकारी, कर्मचारी एवं प्रशिक्षु सक्रिय रूप से सहभागी बने।



### सागर का मोगली दल राज्य स्तरीय मोगली बाल महोत्सव 2025 में हुआ शामिल

**सागर।** राज्य स्तरीय मोगली बाल महोत्सव 2025 पेच अभ्यारण सिवनी में आयोजित हुआ जिसमें सागर जिले का मोगली दल राजेंद्र अग्निहोत्री जिला विज्ञान अधिकारी सागर के मार्गदर्शन में शामिल हुआ। इसमें कनिष्ठ वर्ग से मानसी कुर्मी शासकीय हाई स्कूल भीष्म नगर भैंसा विकासखंड राहतगढ़, शिवकुमार कुशवाहा शासकीय सांदीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राहतगढ़ वरिष्ठ वर्ग से खुशी दागी एवं कार्तिक पटेल शासकीय हाई स्कूल पिपरिया चमारी विकासखंड बंडा ने पुष्पा लोधी मार्गदर्शी शिक्षिका के साथ सहभागिता करते हुए पेंच अभ्यारण मैं जंगल हंटिंग, जंगल सफारी एवं नेचुरल ट्रेल प्रतियोगिताओं में भाग लेकर पर्यावरण एवं जंगली वातावरण को समझा उसके महत्व को जाना एवं जंगली जानवर के आवास के बारे में बृहद जानकारी प्राप्त की तथा राज्य स्तरीय प्रश्न मंच प्रतियोगिता में शामिल हुए। जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद जैन, डीपीसी डॉक्टर गिरीश मिश्रा, एडीपीसी अभय श्रीवास्तव, जिला नोडल अधिकारी सुधीर तिवारी प्राचार्य उत्कृष्ट विद्यालय सागर तथा एपीसी देवेंद्र चौबे राजीव तिवारी ने सभी को बधाई दी।

## सानौधा में क्षत्रिय युवा सम्मेलन को संबोधित किया, त्याग और बलिदान की गाथाएं बताईं

# न्याय की रक्षा, सत्य के लिए संघर्ष व प्रजा कल्याण ही क्षत्रिय धर्मः अविराज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर




क्षत्रियों के लिए सबसे पहले राष्ट्र और समाज है। हमारा सर्वोच्च बलिदान राष्ट्र की रक्षा के लिए है जिसके लिए हम शस्त्र उठाते हैं। न्याय की रक्षा, सत्य के लिए संघर्ष और प्रजा का कल्याण ही क्षत्रिय धर्म है। क्षत्रिय युवाओं को समझना होगा कि साहस में शक्ति, संस्कारों में नीति और सेवा में निष्ठा ही आगे बढ़ने का मार्ग है। यह विचार युवा नेता अविराज सिंह ने सानौधा में आयोजित युवा क्षत्रिय सम्मेलन को संबोधित करते हुए व्यक्त किए।

क्षत्रिय महासभा द्वारा आयोजित युवा संवाद की श्रृंखला में सानौधा में आयोजित युवा संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए युवा नेता अविराज सिंह ने अपने उद्बोधन का आरंभ "मेरा रंग दे बसंती चोला" गीत गाकर किया। गीत की ओजपूर्ण पंक्तियों ने उपस्थित युवाओं को देशभावना से भर दिया। उन्होंने कहा किस्वयं की रक्षा आत्मरक्षा है लेकिन दूसरों की रक्षा को क्षत्रिय धर्म कहा गया है। युवा जहां भी जाते है वहां शक्ति संगठन और एकता का सूत्रपात होता है। क्षत्रियता स्वयं में एक सिद्धांत और विचारधारा है। स्वाभिमान, स्वाबलंबन, धर्म की रक्षा और अधर्म का अंत करना इस सिद्धांत के हिस्से हैं। युवा जहां जागृत है वहां शक्ति, संगठन व एकता की भावना है। उन्होंने कहा कि भगवान श्री राम, वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप, बुंदेलखंड केसरी महाराजा छत्रसाल जैसे क्षत्रिय वीरों से प्रेरणा लेकर विकसित और समृद्ध भारत का निर्माण करना है। अविराज सिंह ने कहा कि हमने हमेशा राष्ट्र व देशवासियों के हित के लिए निरंतर संघर्ष किया है। भीष्म पितामह ने कहा था न्याय की रक्षा, सत्य के लिए संघर्ष और प्रजा का कल्याण ही क्षत्रिय धर्म है। भगवान श्री राम की मर्यादा, महाराणा प्रताप सा तेज,राणा सांगा जैसा साहस और रानी पद्मिनी जैसा त्याग क्षत्रियों में है इसलिए हमें गर्व होना चाहिए कि हमने क्षत्रिय कुल में जन्म लिया है। उन्होंने बताया कि विश्व विजय पर निकला सिकंदर जब भारत के द्वार पर पहुंचा तब महाराज पौरस से युद्ध करने के पश्चात उसने कहा कि क्षत्रियों को सिर्फ क्षत्रिय हरा सकता है या फिर भगवान। ब्रिटिश इतिहासकार जेम्स टाड ने अपनी पुस्तक "एनल्स एंड एंटीक्विटीज आफ राजस्थान" में लिखा है कि अरावली घाटी के हर कोने को महाराणा प्रताप ने पवित्र कर दिया है।

अविराज सिंह ने युवाओं से कहा कि अब हमें शिक्षा, राजनीति, कृषि, व्यवसाय, हर क्षेत्र में आगे बढ़ कर भूमिका निभाना है। इसके लिए हमें नेतृत्व क्षमता, परिश्रम,साहस और संघर्ष के गुणों से काम लेना है। हर परिस्थितियों में मुस्कुराते हुए हम अपनी भूमिका निभाएं तभी हमारा परिवार ,समाज और देश आगे बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि जो जीवन में संघर्ष और परिश्रम नहीं करते, बुरे समय से डरते हैं उनका इतिहास में कोई स्थान नहीं होता। उन्होंने कहा कि हमारा दायित्व है कि हम सर्व समाज को साथ लेकर आगे बढ़ें जैसे कि भगवान श्री राम, महाराणा प्रताप और छत्रपति शिवाजी जैसे हमारे महापुरुषों ने किया। उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सर संघचालक श्री मोहन भागवत के संदेश का उद्धरण देते हुए युवाओं से कहा कि कर्म करने वाला व्यक्ति ही देश को बदलता है केवल विचारों से आप आगे नहीं बढ़ सकते। हमें ऐसे युवाओं की आवश्यकता है जो जमीन पर उतर कर काम करें और राष्ट्र व समाज को आगे बढ़ाएं।



### सहायक संचालक निगम का किया सम्मान

**सागर।** मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष अवधेश उपाध्याय के नेतृत्व एवं प्रदेश मंत्री राकेश श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में संघठन के पदाधिकारियों ने सहायक संचालक विकासखंड सागर भारती निगम का शाल श्रीफल एवं पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। ज्ञातव्य हो कि भारती निगम ने सहायक संचालक पद पर ज्वाइन होते ही दीपावली पूर्व विकास खण्ड सागर के शिक्षकों को मंहगाई भत्ता के एरियर का भुगतान किया एवं माह अक्टूबर की वेतन अक्टूबर माह की 31 तारीख को आहरित कर शिक्षक हित में जो तत्परता और समर्पण के साथ कार्य किया उसके लिए निगम एवं उनके कार्यालय के समस्त सहयोगी स्टाफ प्रशंसा एवं धन्यवाद के पात्र है। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अवधेश उपाध्याय ने कहा कि हम एक राष्ट्रवादी विचारधारा के संघठन है हम अधिकारियों को केवल मांग पत्र अथवा ज्ञापन ही नहीं सौंपते बल्कि अच्छा कार्य करने वाले अधिकारियों को सम्मानित भी करते हैं। विकास खण्ड के समस्त शिक्षकों में हर्ष है।इस अवसर पर संकुल केन्द्र गौरनगर के प्राचार्य संजय श्रीवास्तव को भी शिक्षकों का सहयोग करने के लिए सम्मानित किया गया। सम्मानित करने पहुंचे पदाधिकारियों में प्रमुख रूप से जिला सचिव राजकुमार कपूर, जिला कोषाध्यक्ष राजशेखर सेन, निगम प्रकोष्ठ अध्यक्ष विकास उपाध्याय कार्यालय मंत्री दिनेश कनौजिया, स्वास्थ्य विभाग प्रकोष्ठ से संजय सेन, सागर तहसील अध्यक्ष मनहरण अग्निहोत्री, डी के तिवारी,आदि उपस्थित रहे।


### राजस्व अभियान अंतर्गत नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन प्रकरणों का निराकरण कर किए आदेश जारी

# सुशासन गुड-गवर्नेंस पहल के तहत अवकाश के दिन भी बांटी जा रही निशुल्क प्रति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के नेतृत्व में जिला प्रशासन द्वारा जनसेवा और गुड गवर्नेंस सुशासन की दिशा मे पहल करते हुए एक नवम्बर से 3 नवंबर तक तीन दिवस में हितग्राहियों को उन राजस्व मामलों की प्रतियां निशुल्क दी जा रही है जिनका पिछले माह में राजस्व अभियान अंतर्गत नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन रूप में निराकरण करके आदेश की प्रतियां जारी की गई है। इसके तहत मध्यप्रदेश स्थापना दिवस एक नवम्बर से 3 नवंबर तक तीन दिवस में राजस्व अभियान अंतर्गत जिले में निराकृत नामांतरण के 1666, बंटवारा के 82 तथा सीमांकन के 54 आदेश की प्रतियां संबंधित हितग्राहियों को वितरित की जाएंगी।

## जानकारी का अभाव या असफल प्रयास का दोष होगा दूर



उक्त पहल को लेकर कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने सोशल मीडिया फेसबुक पर सार्वजनिक पोस्ट शेयर करते हुए लिखा कि अक्सर राजस्व न्यायालयों में होने बाले नामांतरण बंटवारे के बाद भी किसान या अन्य भूस्वामी या तो नामांतरण बंटवारा की नकल नहीं ले पता। या फिर उसे इसकी जानकारी नहीं हो पाती। जिससे कई बार उसे गंभीर समस्याओ का सामना भी करना पड़ता है। कलेक्टर श्रोत्रिय ने कहा कि इसी अभाव या प्रयासों में असफल होने के दोष को दूर करने के उद्देश्य से जिले में पिछले माह हुए नामांतरण की नकल मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर 01 से 3 नवंबर तक संबंधित तहसील कार्यालय से निःशुल्क दी जाएगी। जिसमें अवकाश के दिनों में भी तहसील संचालित की गई।

### प्रकरण निराकरण व वितरण में टीकमगढ़ तहसील अव्वल

कलेक्टर श्रोत्रिय के निर्देशानुसार बिगत एक माह में तहसील टीकमगढ़ में सबसे ज्यादा नामांतरण के 528, बंटवारा के 51, सीमांकन के 37 प्रकरणो का निराकरण किया गया। जिनकी आदेश प्रतियों का निशुल्क वितरण हितग्राहियों को किया जा रहा है। बही तहसील बड़ागांव धसान में नामांतरण के 81, बंटवारा के 3, सीमांकन के 4 प्रकरण निराकृत कर हितग्राहियों को आदेश की प्रतियों का वितरण किया जा रहा है। बल्देवगढ़ तहसील में नामांतरण के 127, बंटवारा के 3, सीमांकन के 01 प्रकरण निराकृत कर हितग्राहियों को आदेश की प्रतियों का वितरण किया जा रहा है। तहसील खरगापुर के नामांतरण के 181, बंटवारा के 8 हितग्राहियों को आदेश की प्रतियों का वितरण किया जाएगा।

### मोहनगढ़ तहसील में सबसे कम रहा आंकड़ा

पिछले माह निराकृत प्रकरणो के निराकरण व निराकृत आदेश की निशुल्क प्रतियो के वितरण मामले में मोहनगढ़ तहसील का आंकड़ा सबसे कम रहा। तहसील मोहनगढ़ में नामांतरण के 68, बंटवारा के 2 हितग्राहियों को आदेश की प्रतियों का वितरण किया जा रहा है। बही तहसील जतारा में नामांतरण के 117 हितग्राहियों को आदेश की प्रतियों का वितरण किया जायेगा। तहसील दिगौड़ा में नामांतरण के 76, बंटवारा के 01, सीमांकन के 05 हितग्राहियों को आदेश की प्रतियों का वितरण किया जायेगा। तहसील पलेरा में नामांतरण के 347, बंटवारा के 11, सीमांकन के 07 हितग्राहियों को आदेश की प्रतियों का वितरण किया जायेगा। तहसील लिधौरा में नामांतरण के 141, बंटवारा के 03 हितग्राहियों को आदेश की प्रतियों का वितरण किया जाएगा।

# घरों से निकले गंदे पानी का कीचड़ रूप में सड़कों पर कब्जा

## कछौरा गांव में नाली निर्माण नहीं होने से मुख्य मार्गों पर जमा हो रही बदबूदार गंदगी



**पलेरा।** जनपद पंचायत अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत कछौरा में नाली निर्माण नहीं होने से ग्रामीणों को कीचड़ से सनी बदबूदार कच्ची सड़क से निकलने को मजबूर होना पड़ रहा है। क्योंकि नालियां न होने से घरों से निकला गंदा बदबूदार पानी सड़कों पर बहता रहता है, जिससे सड़को पर कीचड़ हो जाने से ग्रामीणों के लिए समस्या बनी रहती है। यह समस्या बारिश के दौरान सबसे ज्यादा भयानक बन जाती है। जबकि ग्रामीणों द्वारा कई बार सड़क और नाली के निर्माण की मांग ग्राम पंचायत और जनपद अधिकारियों से की गई है। लेकिन अब तक कोई सुनबाई नहीं की गई है। ग्रामीणों ने बताया कि गांव का मुख्य मार्ग पूरी तरह जर्जर होता जा रहा है। इसके साथ ही इन्हीं मार्गों पर नालियों का निर्माण नहीं होने से घरों के निस्तार का पानी सड़कों पर बहता रहता है। जगह-जगह कचरा जमा हो जाता है। जिससे स्थानीय लोगों को गंदगी और बदबू के बीच होकर निकलना पड़ता है। लंबे समय से यह समस्या बनने के बावजूद इस ओर पंचायत कर्मी ध्यान नहीं दे रहे हैं।

**सड़क और नाली निर्माण की मांग:** ग्रामीणों ने इस समस्या को देखते हुए सीसी सड़क और नाली निर्माण की मांग की है। जिससे राहगीरों को आवागमन के दौरान होने वाली समस्याओ से निजात मिल सकें। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि कई स्थानों पर सड़क तो डाल दी गई लेकिन नाली निर्माण अब तक नहीं किया गया। जिससे सड़क निर्माण के बाबजूद भी उन जगहों पर भी समस्या जस की तस बनी हुई है। ग्रामीणों ने मांग करते हुए कहा कि उक्त समस्या का शीघ्र निवारण करने के लिये अधिकारियों को गंभीरता दिखानी होगी। साथ ही पंचायत द्वारा जल्द ही इस कार्य को पूरा कराया जाना चाहिए।

### आपसी आर्थिक सहयोग कर एक दूसरे का साथ देने का लिया प्रण

# शिक्षा विभाग कर्मियों ने बनाई कर्मचारी कल्याण कोष योजना की भूमिका



**टीकमगढ़।** प्रांत अध्यक्ष मुरली मनोहर अरजरिया के आह्वान पर पीएमयूएम शिक्षक संघ के तत्वाधान में संचालित कर्मचारी कल्याण कोष का दीपावली मिलन समारोह सह बैठक का आयोजन मध्य प्रदेश के प्रत्येक जिले में संपन्न हुआ। इसी क्रम में कर्मचारी कल्याण कोष की बैठक का आयोजन जिले के स्थानीय सतेंद्र मंच पर किया गया। बैठक में प्रमुख रूप से उपस्थित जनों को कर्मचारी कल्याण की विस्तृत जानकरी दी गई एवं उपस्थित जनों ने संकल्प लिया कि इस योजना से प्रतिदिन हम सब अपने परिचित रिश्तेदारों संकुल के ब्लॉक जिला के साथियों को जोड़ने का प्रयास करेंगे।

मंच का संचालन कर रहे प्रांतीय महा सचिव शिव प्रताप सिंह बुंदेला ने कहा की यह योजना हमारी अपनी है हमारे अपनों के परिवार के लिए है और हमें इस योजना से हर हाल में स्वयं भी जुड़ना है अपने सभी साथियों को जोड़ना है। यह योजना सहायक शिक्षक, उच्च श्रेणी शिक्षक, व्याख्याता , हेड मास्टर, प्राचार्य , विकासखंड शिक्षा अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी , सहायक संचालक या संचालक , डी पी सी, बी आर सी सभी के लिए है। साथ ही इन कार्यालय में कार्य करने वाले हमारे कार्यालय के सहयोगी बाबूगण, हमारे बीच में काम करने वाले हमारे चपरासीगण तक सभी इस योजना के लिए पात्र हैं और इन सब का रजिस्ट्रेशन हमें इस योजना में करना है। ब्लॉक अध्यक्ष स्वत्रंत सक्सेना ने बताया की इस योजना में रजिस्ट्रेशन करने के बाद जैसे ही रजिस्टर सदस्य के तीन माह पूरे हो जाते हैं वह इस योजना के लाभ का पात्र हो जाता है 3 माह पुराना रजिस्ट्रेशन हो जाने के बाद यदि रजिस्टर सदस्य दुर्भाग्य से दिवंगत हो जाता है तो कर्मचारी कल्याण परिवार से जुड़े हुए सभी सदस्य उस साथी के नॉमिनी के खातों में 100 रूपये का सहयोग करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस प्रकार हम सब मिलकर अपने परिवार जनों का सहयोग करते है। संस्थापक ब्रजेश असाटी ने बताया की सहयोग के बदले सहयोग की भावना इस में निहित है यदि कोई साथी रजिस्ट्रेशन करने के वाद आवश्यक सहयोग नहीं करता है तो वह सहयोग की पात्रता से हट जाता है सहयोग न करने वालों को सहयोग नहीं किया जाता है।

संघ के सचिव रमाशंकर त्रिपाठी ने बताया की संघ की वेवसाइट डब्लू डब्लू डब्लू डॉट पी एम यू एम एस डॉट कॉम को गूगल पर सर्च कर इसमें आसानी से रजिस्ट्रेशन किया जा सकता है। नीलू राय ने कहा की इस संघ का जन्म अपने ही टीकमगढ़ जिले के इसी मंच से हुआ है जो हम सव के लिए गर्व की बात है। अंत में संस्थापक सतीश खरे ने बताया की अभी इस योजना में मध्य प्रदेश से 47 हजार से अधिक सदस्य जुड़ चुके हैं। वर्तमान में किसी के दिवंगत होने पर उसके परिजनों को न्यूनतम 25 लाख का आर्थिक सहयोग करने का प्रस्ताव है और जल्द ही यह सहयोग 50 लाख तक किये जाने का प्रस्ताव पारित किया जायेगा। कोई आपदा आने पर जल्द ही हम सब अपनी रजिस्टर सदस्य जिन्होंने तीन माह की अवधि पूरी कर ली है उसको 50 लाख तक का सहयोग कर पाएंगे।

### एस्ट्रोटर्फ ढोंगा ग्राउंड पर 69वीं शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का हुआ था आयोजन

# 10 संभागों की टीमों के 5 दिवसीय टूर्नामेंट का हुआ समारोहपूर्ण समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़



स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित 69वीं शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के समापन समारोह का आयोजन ढोंगा ग्राउंड पर किया गया। जिसमें सागर संभाग की टीम हाकी विजेता रही। एवं सॉफ्टबॉल खेल में भी बालक एवं बालिका वर्ग में सागर की टीम ही अब्बल रही। केवल बालिका वर्ग 19 में इंदौर ने बाजी मारी।

सुबह से हॉकी मैच का फाइनल मुकाबला एस्ट्रोटर्फ ग्राउंड पर खेला गया। जो सागर और ग्वालियर टीम के बीच हुआ। जिसमें सागर संभाग टीम ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए ग्वालियर को 6-0 से हराकर मैच जीत लिया। जिस पर शॉलेय राज्य स्तरीय प्रतियोगिता की सागर संभाग टीम विजेता और ग्वालियर उपविजेता बनी। इसके बाद हार्ड लाइन मैच भोपाल और उज्जैन के बीच खेला गया। जिसमें भोपाल संभाग टीम ने 6-1 से मैच जीत लिया। जिस पर भोपाल तृतीय स्थान पर रही। वहीं इससे पहले सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला हुआ। जिसमें 17 वर्ष बालक में सागर और भोपाल संभाग टीम के बीच मैच खेला गया। जिसमें सागर ने 3-2 से फाइनल मुकाबला जीत लिया। उपविजेता भोपाल संभाग टीम बनी। इसके बाद इंदौर और उज्जैन संभाग की टीम के बीच मैच खेला गया। जिसमें उज्जैन ने 1-0 से इंदौर को हराया। जिस पर तृतीय स्थान पर उज्जैन टीम रही।

इसी तरह 17 वर्ष बालिका में सागर संभाग और नर्मदापुरम संभाग के बीच खेला गया। जिस पर सागर संभाग टीम विजेता बनी। दूसरे स्थान पर नर्मदापुरम और तृतीय स्थान पर इंदौर रही। इसी तरह 19 वर्ष बालक में विजेता सागर संभाग की टीम रही। दूसरे स्थान पर उज्जैन संभाग की टीम रही। वहीं तीसरे स्थान पर भोपाल संभाग की टीम रही। 19 वर्ष बालिका में विजेता इंदौर संभाग रही। वहीं दूसरे स्थान पर सागर संभाग और तीसरे स्थान पर जनजातीय विभाग रही। उक्त कार्यक्रम में कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय, अपर कलेक्टर शिवप्रसाद मंडराह, जतारा विधायक हरिशंकर खटीक, भाजपा जिलाध्यक्ष सरोज राजपूत, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष अभय यादव, सांसद प्रतिनिधि अनुराग वर्मा, विवेक चतुर्वेदी अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। जिला शिक्षा विभाग से जिला शिक्षा अधिकारी हनुमंत सिंह चौहान, सहायक संचालक सीएल अहिरवार, सिद्धार्थ जैन विकासखंड शिक्षा अधिकारी, शरद खरे एडीपीसी, पीआर त्रिपाठी डीपीसी, शैलेश श्रीवास्तव एपीसी, संजय पाठक प्राचार्य, एससी जैन प्राचार्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मंच संचालन डॉ सुनील श्रीवास्तव एबं क्रीड़ा अधिकारी कमलेश सिंह घोष ने किया। इस अवसर पर जगदीश दुबे, एन डी अहिरवार, काजल सुल्ताना, आनंद चतुर्वेदी, आईएस पुरोहित, आरके मैथ्यू, शोभाराम वर्मा, राजेश जैन, सीएल अहिरवार, रिजवान खान, हरदास कुशवाहा, बीएल साहू समेत समस्त पीटीआई उपस्थित रहे।

### जिले से फूंका जा रहा दिल्ली चलो का बिगुल, पेंशन बहाली की मांग

# राष्ट्रीय महाआंदोलन में जिले से आजाद अध्यापक-शिक्षक संघ का जत्था होगा शामिल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर आगामी 9 नवंबर को नई दिल्ली के जंतर-मंतर पर मध्यप्रदेश सहित देशभर के शिक्षक-कर्मचारी एकत्र होकर एक ऐतिहासिक आंदोलन करने जा रहे हैं। इस राष्ट्रीय महाआंदोलन का नेतृत्व आज़ाद अध्यापक-शिक्षक संघ, मध्यप्रदेश के प्रांताध्यक्ष भरत पटेल करेंगे। वहीं टीकमगढ़ जिले से जिला अध्यक्ष कप्तान सिंह बुंदेला के नेतृत्व में सैकड़ों शिक्षकों और कर्मचारियों का जत्था दिल्ली के लिए रवाना होगा। आंदोलन में ऑल इंडिया एनपीएस नई पेंशन प्रणाली कर्मचारी महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष मंजीत सिंह पटेल सहित देशभर के प्रतिनिधि शामिल होंगे।

उक्त जानकारी देते हुए प्रेसनोट जारी कर प्रांताध्यक्ष भरत पटेल ने स्पष्ट कहा कि अब वक्त आ गया है कि हम अपनी आवाज हर सत्ता-सिंहासन तक पहुँचाएं। पुरानी पेंशन हमारे भविष्य की सुरक्षा का आधार है, और इसे बहाल कराना हमारा संकल्प है। यह केवल आंदोलन नहीं बल्कि आर्थिक सम्मान और स्थायित्व की लड़ाई है। जिला संयोजक शिवम शर्मा ने बताया कि जिले से सैकड़ों शिक्षक और अन्य विभागों के कर्मचारी इस यात्रा में शामिल होंगे। क्योंकि ओपीएस अब सिर्फ एक मांग नहीं बल्कि जीवन भर सेवा देने वाले हर कर्मचारी का अधिकार है। जिसके लिये दिल्ली को हमारी आवाज सुननी होगी। प्रांतीय मीडिया प्रभारी जगदीश रजक सहित सभी पदाधिकारी शिक्षकों-कर्मचारियों को अधिकाधिक संख्या में शामिल होने की अपील कर रहे हैं। सोशल मीडिया से लेकर ग्राउंड लेवल तक अभियान तेज है, हर जिला जुट रहा है।

### कानून के रखवाले एसपी संग बने पुनः बराती, उपहार भेंट कर किया कन्यादान

# बेटियां हैं मर्यादा व संस्कारों की पहचान, इनका सम्मान सहयोग ही सच्ची सेवा: एसपी मंडलोई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

कानून की रखवाली के साथ साथ समाजसेवा और मानवता का उदाहरण पेश करते हुए पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने अपने जिला पुलिस परिवार के साथ एक अनोखी पहल की है। जिसके तहत एक बार पुनः सामूहिक समारोह में पुलिस अधीक्षक मंडलोई सहित पूरा पुलिस अमला बराती बनकर शामिल हुआ और कन्यादान कर बेटियों के जीवन की नई शुरुआत पर आशीर्वाद दिया। विवाह समारोह के दौरान पुलिस अधीक्षक मंडलोई ने कन्याओं को आशीर्वाद देते हुए कहा कि बेटियाँ हमारे समाज की मर्यादा और संस्कारों की पहचान होती हैं। बेटियों का सम्मान और सहयोग करना ही सच्ची सेवा होती है। इससे पहले भी कुंडेश्वर में आयोजित सामूहिक विवाह में एसपी मंडलोई ने पुलिस विभाग के साथ बराती बनकर हिस्सा लिया था, जहाँ एसपी मंडलोई और पुलिस कर्मियों ने नवविवाहित जोड़ों को उपहार भेंट कर कन्यादान किया था। एसपी मंडलोई के नेतृत्व में जिला पुलिस की यह मानवीय पहल समाज में सकारात्मक संदेश दे रही है कि पुलिस केवल कानून की संरक्षक ही नहीं बल्कि समाज की संवेदनशील साथी भी है।





## अभियान के तहत पुलिस का मानवीय रूप

एसपी मंडलोई द्वारा जिले में संचालित बिभिन्न जनहित अभियानो में नारी सम्मान को समर्पित भरोसा अभियान भी संचालित किया जा रहा है। इसी अभियान के तहत एसपी मंडलोई अपने डल बल के साथ कन्याओं के विवाह में बाराती बनकर पहुंचे और कन्यादान के साक्षी बनकर आशीर्वाद दिया। शहर के मानस मंच प्रांगण में आयोजित सामूहिक कन्या विवाह समारोह अवसर पर जिला पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने अपने पुलिस बल के साथ पहुँचकर भरोसा अभियान अंतर्गत कार्यक्रम में सहभागिता निभाई और इस सामाजिक पहल को सराहनीय बताया।

### 11 जोड़ों को उपहार भेंटकर दिया स्नेह व आशीर्वाद

उक्त कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक मंडलोई ने 11 वर-वधु जोड़ों से आत्मीय मुलाक़ात की और उन्हें अपने स्नेह व आशीर्वाद से नवाज़ा। उन्होंने पुलिस बल के साथ बाराती बनकर कन्यादान करने का सौभाग्य प्राप्त किया तथा प्रत्येक नवविवाहित जोड़े को भगवान श्रीकृष्ण की प्रतिमा एवं उपहार भेंट करते हुए उनके उज्ज्वल, सुखी एवं सफल दांपत्य जीवन की शुभकामनायें दीं। इस दौरान समाज के साथ संवेदना का रिश्ता बनाते हुए पुलिस का मानवीय चेहरा दिखाई दिया।

## समाज के प्रति निभाया अपना मानवीय दायित्व

उक्त कार्यक्रम में एसपी मंडलोई ने कहा कि पुलिस जिला स्तर पर महिला सुरक्षा, सम्मान और स्वतंत्रता के लिए नीड, परी, भरोसा, सहारा और आसरा जैसे अभियान चला रही है। आज भरोसा अभियान के अंतर्गत इस विवाह कार्यक्रम में सम्मिलित होकर जिला पुलिस ने समाज के प्रति अपना मानवीय दायित्व निभाया है। उन्होंने यह भी स्मरण कराया कि गत वर्ष कुण्डेश्वर में आयोजित सामूहिक विवाह में भी जिला पुलिस ने कन्यादान कर समाज के साथ अपनी सहभागिता निभाई थी। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक मंडलोई के साथ रक्षित निरीक्षक कैलाश पटेल, कोतवाली थाना प्रभारी बृजेन्द्र चाचोदिया, देहात थाना प्रभारी चंद्रजीत यादव, साइबर प्रभारी मयंक नगायच, महिला शाखा प्रधान आरक्षक रानू विश्वकर्मा और टीम तथा कोतवाली, देहात थाना, के पुलिसकर्मी एवं जिला पुलिस बल के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### शासन के निर्देश सरेंडर कराएं राशि या कराओ एफआईआर

# शासन से पैसा लेकर मकान नहीं बना रहे 1186 पीएम आवास हितग्राही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

शहर में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत नगरपालिका द्वारा चिन्हित 1186 हितग्राही ऐसे भी हैं जिन्होंने अपने आवास बनवाने के लिए सरकार से पहली, दूसरी व अंतिम किस्त तो लेली है लेकिन मिले रुपए से उन्होंने आवास नहीं बनवाए हैं। ऐसे हितग्राहियों को तलाश कर उन्हें मिले रुपए से आवास बनाने के लिए नगर पालिका कर्मचारी कई बार उनके घरों पर दस्तक दे आए हैं लेकिन वह न तो मकान बना रहे हैं न ही अपने खातों में डलवाई गई राशि सरेंडर कर रहे हैं। खास बात यह है कि इसके अलावा 91 हितग्राही ऐसे हैं जिन्हें नगर पालिका ने पूरी तरह डिफाल्टर घोषित कर चुकी है।

ऐसे हितग्राहियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाने के निर्देश शासन से कई बार मिल चुके हैं लेकिन जनप्रतिनिधियों के दवाब के कारण न तो एफआईआर दर्ज करवाई जा रही है न झूठ बोलकर खातों में डलवाई राशि सरेंडर करवाई जा रही है। विगत दिनों पीएम आवास 2.0 की समीक्षा करने श्योपुर पहुंचे डिप्टी कलेक्टर एवं जिला शहरी विकास अभिकरण अधिकारी विजय शाक्य ने डिफॉल्टर हितग्राहियों से रिकवरी करने के निर्देश सीएमओ आरआर यादव को दिए।

समीक्षा में यह बात निकलकर सामने आई कि प्रधानमंत्री आवास योजना 2017 में जब शुरू हुई तब और उसके बाद वाले वर्षों में लगातार पीएम आवास के आवेदन करने वाले हितग्राहियों की सूची जारी होती रही है इस सूची में जहां अधिकतर लोगों ने अपने मकान सरकार से अनुदान लेकर बनाने और उसमें रहने का काम शुरू कर दिया है। वहीं 1386 हितग्राही ऐसे हैं जिन्होंने शासन से आवास बनवाने के लिए राशि तो अपने खातों में हलवा ली लेकिन मकान नहीं बना रहे हैं ऐसे हितग्राहियों को कई बार नोटिस भेजे जा चुके हैं अधिकारियों द्वारा मकान बनाने की समझाइए दी जा चुकी है. लेकिन यह हितग्राही मकान बनाने में रुचि नहीं ले रहे हैं। उपर शासन से भी प्रशासन पर अनकंप्लीट भवनों को कंप्लीट करने का दबाव लगातार बन है। अब कलेक्टर अर्पित वर्मा ने सभी नगर पालिका अधिकारियों, जनपद सीईओ और जिला पंचायत सीईओ की अधूरे आवासों को पूर्ण कराने के निर्देश दिए हैं। इसी क्रम में श्योपुर नगर पालिका ने सभी वार्ड में कर्मचारियों की टीम बनाकर उन हितग्राहियों को अंतिम नोटिस देने का काम कई बार किया जा चुका है लेकिन अंतिम नोटिस बार बार निकलता रहता है वो कभी अंतिम नहीं हो पा रहा है। हालांकि नपा कर्मचारी हितग्राहियों को लगातार समझाइश दे रहे हैं कि वे अपना मकान बना ले या ली गई राशि वापस जमा कर दें ऐसा नहीं होने पर कर्मचारियों द्वारा हितग्राहियों पर केस दर्ज करवा दिया जाएगा लेकिन हितग्राही इस कान से सुनकर उस कान से निकाल रहे हैं।




**अंतिम नोटिस के साथ चेतावनी**

शहर की पीएम आवास योजना का क्रियान्वयन सही तरीके से हो इसे कलेक्टर अर्पित वर्मा गंभीरता से ले रहे हैं। यही वजह है, कि उन्होंने सीएमओ आरआर यादव को निर्देशित किया है कि वह जिन हितग्राहियों को पीएम आवास स्वीकृत हुए हैं उनके खातों में राशि डालने से पहले खुद भौतिक सत्यापन खुद करें साथ ही उन्होंने डिप्टी कलेक्टर शाक्य को निर्देशित कि वह पटवारी से भौतिक सत्यापन कराने के साथ खुद भी देखे। तभी हितग्राहियों के खातों में राशि डाली जाए।

**दूसरों के मकानों को अपना बताकर ले लिए आवास**

पीएम आवास योजना में किस कदर फर्जीवाडा हुआ है इसकी बानगी शहर में देखी जा सकती है. कई हितग्राही ऐसे हैं जिनके पास मकान बनाने के लिए जमीन तक नहीं है या फिर उनके पक्के भवन बने हुए हैं इसके बावजूद उन्होंने आवास के लिए आवेदन कर दिए और भौतिक सत्यापन भी सांठगांठ से करा दिया। हद तो यहां तक हुई कि इस योजना में प्रशासन फर्जीवाड़ा न कर ले इसके लिए सरकार अपने कर्मचारियों से जिया टेकिंग भी करा रही है, जिसमें दिल्ली भोपाल में बैठे अधिकारी मकान की लोकेशन देख सकते हैं। कुछ हितग्राहियों ने जिओ ट्रैकिंग में जो जगह बताई है वह उनकी थी ही नहीं लेकिन उन्होंने यह जगह अपनी बात कर आवास का लाभ ले लिया, कुछ हितग्राहियों ने तो शहरी क्षेत्र में जियो टैगिंग कराकर शहर के बाहर ईदगाह रोड बगवाज (ग्रामपंचायत) और बाईपास पर मकान बना लिए।

**इनका कहना है**

पीएम आवास योजना में श्योपुर शहरी क्षेत्र में 91 हितग्राही ऐसे हैं जिन्होंने राशि तो अपने खातों में डलवा ली लेकिन मकान नहीं बनाए हैं ऐसे लापरवाह हितग्राहियों को बार-बार नोटिस देने के बाद भी जब उन्होंने मकान नहीं बनाए तो दी गई राशि सरेंडर करने के निर्देश जारी कर दिए गए हैं। ऐसे हितग्राहियों के खिलाफ धोखाधड़ी के तहत एफआईआर दर्ज कराई जाएगी।

आरआर यादव
सीएमओ श्योपुर

### एसपी बोले मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए किए जाएंगे पर्याप्त सुरक्षा इंतजाम

# एसपी पहुंचे रामेश्वर, मेले की सुरक्षा व्यवस्थाओं का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

जिले के विख्यात धार्मिक स्थल त्रिवेणी संगम रामेश्वर धाम पर कार्तिक पूर्णिमा के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले तीन दिवसीय धार्मिक मेले की सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए रविवार को पुलिस अधीक्षक सुधीर कुमार अग्रवाल त्रिवेणी संगम पर पहुंचे। एसडीओपी राजीव कुमार गुप्ता, मानपुर थाना प्रभारी पीएस यादव सहित अन्य अधिनस्थ पुलिस अधिकारियों के साथ पहुंचे पुलिस अधीक्षक अग्रवाल ने मेला स्थल पर श्रद्धालुओं के लिए की जाने वाली सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अधिनस्थ पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए मेला स्थल पर पर्याप्त पुलिसकर्मियों की तैनाती की जाए और नौका विहार करने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा मे किसी तरह की कोई चूक न बरती जाए।

यहां बताना होगा कि त्रिवेणी संगम रामेश्वर धाम पर कार्तिक पूर्णिमा पर विशाल धार्मिक मेला आयोजित होता है। जनपद पंचायत श्योपुर के तत्वावधान में आयोजित होने वाले इस धार्मिक मेल के लिए जिला पंचायत सीईओ सौम्या आनंद को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। मेला स्थल पर दुकानदारों ने पहुंचकर अपनी अपनी दुकाने सजाने का काम शुरू कर दिया है। वहीं जनपद सीईओ एसएस भटनागर ने भी अपनी टीम के साथ यहां पहुंचकर मेले की व्यवस्थाएं कर दी है। रविवार को त्रिवेणी संगम स्थल पर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए पहुंचे एसपी सुधीर कुमार अग्रवाल ने निर्देश दिए कि मेले में वाहनों के आगमन को दृष्टिगत रखते हुए पार्किंग बनाई जाए। यातायात सुगम बना रहे,इसके लिए भी पूरी तैयारी कर ली जाए। मेले के मार्गो और स्नान घाट की ओर जाने वाले मार्गो सहित स्नान घाट पर भी पुलिस कर्मियों की तैनाती की जाए। एसपी ने नौका संचालन करने वाले से चर्चा करते हुए उनके पास उपलब्ध सुरक्षा प्रबंधों को देखा और उन्हें निर्देशित किया कि यात्रियों को बगैर लाइफ जैकेट पहनाये नाव में सवार नही किया जायें। इसके साथ ही नाव में सुरक्षा के अन्य उपाय जैसे रस्सी, ट्यूब आदि भी उपलब्ध रखे जायें। क्षमता से अधिक यात्रियों को नाव में नही बैठाया जाये।




**जिला पंचायत सीईओ और एसडीएम भी पहुंचे रामेश्वर**



जिला पंचायत सीईओ सौम्या आनंद और एसडीएम श्योपुर गगन सिंह मीणा ने भी रविवार को मेला स्थल पर पहुंचकर रामेश्वर मेले की तैयारियां का जायजा लिया और अधिनस्थ प्रशासनिक अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान जनपद सीईओ श्योपुर एसएस भटनागर भी मौजूद थे।

# गोरस सूसवाड़ा रोड पर बाइक दुर्घटनाग्रस्त छोटे भाई की मौत,बड़ा भाई हुआ घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

आवदा थाना क्षेत्र स्थित गोरस सूंसवाडा सडक मार्ग पर शनिवार की देर शाम को एक बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में बाइक सवार छोटे भाई की मौत हो गई। जबकि बडा भाई घायल हो गया,जिसे इलाज के लिए जिला अस्पताल श्योपुर में दाखिल करा दिया गया है। आवदा थाना पुलिस ने मर्ग दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। आवदा थाना प्रभारी राहुल रघुवंशी ने बताया कि ग्राम भूरवाडा निवासी रामकुंवार आदिवासी 47 वर्ष और उसका बडा भाई ओमप्रकाश आदिवासी शनिवार को अपनी रिश्तेदारी में बर्धाखुर्द गए थे,जहां से लौटते वक्त उनकी बाइक पहेला और भूरवाडा के बीच में सामने से आ रहे वाहन को बचाने के फेर में असंतुलित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस दौरान बाइक सवार दोनो भाई घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल में दाखिल कराया गया,जहां रामकुंवार आदिवासी पुत्र शंकर आदिवासी को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक की मौत सिर में आई चोट की वजह से हुई है। जबकि ओमप्रकाश को जिला अस्पताल में भर्ती कर उसका इलाज किया जा रहा है।

# पैसों के लेनदेन को लेकर युवक से मारपीट, पिता-पुत्र पर एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

जिला अस्पताल के सामने स्थित कैंटीन में काम करने वाले युवक के साथ नामजद पिता पुत्र ने मारपीट कर दी। विवाद पैसो के लेनदेन को लेकर हुआ। कोतवाली पुलिस ने पिता पुत्र पर एफआईआर दर्ज कर ली है। पुलिस ने बताया कि फरियादी युवक अतीश राय पुत्र रामसेनही राय ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि जगदीश राव और उसके बेटे जय किशन राव ने पैसो के लेनदेन को लेकर न सिर्फ विवाद किया,बल्कि थापघूसों से मारपीट कर दी। पुलिस ने अतीश की रिपोर्ट पर जगदीश और जय किशन पर मारपीट का मामला दर्ज कर लिया है।



# सुरेंद्र जाट के नेतृत्व में केंद्रीय कृषि मंत्री से मिला प्रतिनिधि मंडल, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

बे मौसम बारिश से बर्बाद हुई फसलों का मुआवजा किसानों को दिलाने की मांग को लेकर भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेंद्र जाट के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने दिल्ली पहुंचकर केंद्रीय कृषि मंत्री एवं प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से मुलाकात की और उन्हें जिले में हुई बे मौसम बारिश से फसलों की बर्बादी की दास्तां सुनाते हुए मांग पत्र के रूप में ज्ञापन सौंपा। इस दौरान केंद्रीय कृषि मंत्री ने भरोसा दिलाया कि वह केंद्र और राज्य सरकार के माध्यम से किसानों को क्षतिग्रस्त फसल का मुआवजा और बीमा राशि क्लेम भी दिलवाएंगे।

केंद्रीय गृह मंत्री से मिले भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेंद्र जाट ने उन्हें बताया कि सप्ताह भर पहले रविवार को अचानक आई बारिश ने खेतों में खड़ी और काटकर रखी हुई धान की फसल को बुरी तरह बर्बाद कर दिया। खेत तालाब बन गए जिससे कटी हुई फसल सड गलकर खराब हो गई ऐसी स्थिति में एक दाना भी फसल का नहीं बचा है पूरे जिले में बारिश का प्रकोप रहा लगातार तीन दिनों तक रहा फसलों को बचाने की संभावना भी बिल्कुल खत्म हो गई थी। किसान बुरी तरह परेशान है उसे तत्काल राहत की जरूरत है। पूर्व मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भरोसा दिलाया कि भाजपा की डबल इंजन वाली सरकार किसानों को परेशान होते नहीं देखेगी वह राज्य सरकार के माध्यम से भी उनको मुआवजा दिलवाएंगे और केंद्र से भी उन्हें फसल बीमा राशि का जो क्लेम बनता है वह जल्द से जल्द दिलवाएंगे उन्होंने कलेक्टर से रिपोर्ट भिजवाने के निर्देश भी जारी कर दिए ताकि रिपोर्ट आते ही केंद्र की राशि तत्काल संबंधित किसानों के खातों में डाली जा सके। उन्होंने कहा कि अगर बीमा कंपनी ने राशि डालने में देर की तो उन पर 15% जुर्माना लगाकर वह राशि भी संबंधित किसान के खाते में डाली जाएगी। पूर्व जिलाध्यक्ष ने केंद्रीय कृषि मंत्री को जिले के किसानों से जुड़ी और भी समस्याओं से अवगत कराते हुए निराकरण की मांग की।



# अजापुरा में मनाया श्याम बाबा का जन्मदिन,बांटा अन्नकूट का प्रसाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

श्रीखाटू श्यामजी का जन्मोत्सव रविवार को ग्राम अजापुरा में श्रद्धालुओ के द्वारा उत्साह के साथ मनाते हुए अन्नकूट की प्रसादी का वितरण किया। श्री श्याम सेवा समिति अजापुरा के तत्वावधान में बाबा श्याम के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में अन्नकूट की प्रसादी का वितरण किया गया,इसके पूर्व विधिवत रूप से अन्नकूट की प्रसादी का भोग बाबा श्याम को लगाया गया और फिर श्रद्धालुओ को प्रसादी का वितरण किया गया। अन्नकूट की प्रसादी लेने के लिए बडी संख्या में लोग यहां पहुंचे।



# आदिवासी वर्ग के युवाओं को मिलेंगा 1 से 50 लाख तक ऋण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

मध्यप्रदेश आदिवासी वित्त विकास निगम भोपाल द्वारा भगवान बिरसा मुण्डा स्वरोजगार योजना अंतर्गत अनुसूचित जनजाति वर्ग के युवा हितग्राहियों से स्वरोजगार स्थापित करने हेतु आवेदन आमंत्रित किये गये है। योजना में आदिवासी वर्ग के युवाओं को 1 से 50 लाख रूपये तक का ऋण उपलब्ध होगा। इस संबंध में आवेदन समस्त पोर्टल पर ऑनलाइन किये जा सकते है तथा अधिक जानकारी के लिए कलेक्टर कार्यालय स्थित आदिवासी वित्त विकास निगम के कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है। आदिवासी वित्त विकास निगम के शाखा प्रबंधक एवं सहायक आयुक्त आदिम जाति कल्याण राकेश गुप्ता ने बताया कि उक्त योजना के तहत वर्ष 2025-26 के लिए जिले को 11 प्रकरणों का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। योजना के तहत लाभ लेने के लिए मप्र के मूल निवासी अनुसूचित जनजाति वर्ग के युवा जिनकी आयु 18 से 45 वर्ष है तथा कक्षा 8वी परीक्षा उत्तीर्ण हो, पात्र होगें। परिवार की वार्षिक आय सीमा 12 लाख रूपये से अधिक नही होना चाहिए। इस योजना के तहत उद्योग स्थापित करने के लिए 50 लाख रूपये तक तथा सेवा क्षेत्र में स्वरोजगार के लिए 25 लाख रूपये तक का ऋण मिलेगा।

# कल से शुरू होगा मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम,बीएलओ का प्रशिक्षण आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम अंतर्गत शासकीय पीजी कॉलेज श्योपुर में श्योपुर विधानसभा क्षेत्र के बीएलओं का प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है, इसी क्रम में आज तीन पालियों में 150 बीएलओं को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। शेष बीएलओं को 3 नवंबर को तीन पालियों के प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा। श्योपुर विधानसभा क्षेत्र में 329 बीएलओं है, जिनके द्वारा अपने-अपने मतदान केन्द्र अंतर्गत मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य 4 नवंबर से शुरू किया जायेगा।

निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले की दोनो विधानसभा क्षेत्र के बीएलओ को प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है, श्योपुर विधानसभा क्षेत्र में 329 तथा विजयपुर में 326 बीएलओ है, इस प्रकार कुल 655 बीएलओं को मास्टर ट्रेनर्स द्वारा मतदाता सूचियों के गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के संबंध में प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।

पीजी कॉलेज श्योपुर में आयोजित प्रशिक्षण का एसडीएम श्री गगन सिंह मीणा द्वारा अवलोकन किया गया तथा बीएलओं को निर्देश दिये कि बारिकी से गंभीरता के साथ प्रशिक्षण प्राप्त करें एवं आयोग के दिशा-निर्देश अनुरूप पुनरीक्षण का कार्य करें। इस अवसर पर मास्टर ट्रेनर श्री सुशील दुबे, श्री आनंदपाल चौधरी, श्री राघवेन्द्र सिकरवार आदि उपस्थित थे।

निर्वाचन आयोग द्वारा मध्यप्रदेश में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण के लिए कार्यक्रम जारी किया गया है, जिसके अनुरूप 4 नवंबर से 4 दिसबर तक हाउस टू हाउस सर्वे कर गणना की जायेगी। इसके उपरांत 9 दिसंबर को मतदाता सूचियों के प्रारूप का प्रकाशन होगा तथा 9 दिसंबर 2025 से 8 जनवरी 2026 तक दावे एवं आपत्तियां ली जायेगी। 9 दिसंबर 2025 से 31 जनवरी 2026 तक की अवधि सुनवाई एवं सत्यापन के लिए नियत की गई है। इसके उपरांत 7 फरवरी 2026 को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन किया जायेगा।



**अधिकारियों, कर्मचारियों के अवकाश पर प्रतिबंध**

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर अर्पित वर्मा द्वारा जिले की दोनों विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत पुनरीक्षण कार्य में संलग्न समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों (ईआरओ, एईआरओ, बीएलओ सुपरवाईजर, बीएलओ निर्वाचन कार्यालयों में संलग्न अधिकारी, कर्मचारी) के सभी प्रकार के अवकाश पर तत्काल प्रभाव से आगामी आदेश तक प्रतिबंध लगाया गया है। उपरोक्तानुसार समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी अपने-अपने मुख्यालय पर उपस्थित रहेंगे तथा पुनरीक्षण से संबंधित कार्य संपादित करेंगे, साथ ही किसी अधिकारी एवं कर्मचारी को शासकीय कार्य से मुख्यालय से बाहर जाना हो तो उसकी भी पूर्व अनुमति प्राप्त करना अनिवार्य होगा।

### स्कूली विद्यार्थियों ने ही संभाला पथ संचलन की तैयारियों का जिम्मा

# शहर में निकलेगा बाल पथ संचलन, घोष की थाप पर कदम ताल मिलाएंगे बाल स्वयंसेवक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

अपनी स्थापना के 100 वर्ष होने पर इस साल राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ शताब्दी वर्ष मना रहा है। यही वजह है कि इस साल राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में पूरे सालभर तक कई कार्यक्रमों का आयोजन करने जा रहा है। इसी क्रम में पिछले दिनों जहां जिलेभर में मंडल स्तर तक पथ संचलन निकाले गए है, वहीं शहर श्योपुर में पहली बार बस्ती वार पथ संचलन निकाले गए है। इसके बाद अब शहर में बाल पथ संचलन निकाला जाएगा। यह बाल पथ संचलन 5 नवंबर को गुरूनानक जयंती पर निकाला जाएगा। जिसमें स्कूलों में पढने वाले विद्यार्थी शामिल होकर शहर में देश भक्ति का अलख जगाएंगे।

विशेष बात यह है कि इस बाल पथ संचलन की तैयारियों का जिम्मा संघ के बडे कार्यकर्ता नहीं, बल्कि खुद बाल स्वयंसेवक संभाल रहे है और शहर की बस्तियों में उत्साह के साथ पहुंचकर पथ संचलन को लेकर जन संपर्क कर रहे है और बाल स्वयंसेवकों को गणवेश प्रदान कर रहे है। शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में शहर श्योपुर में आगामी 5 नवंबर को निकाले जाने वाले पथ संचलन के लिए बाल स्वयंसेवकों का एकत्रीकरण यहां शहर के शिवपुरी रोड स्थित श्री रामतलाई हनुमान मंदिर परिसर में होगा। बताया गया है कि शहर के सभी बाल स्वयंसेवक संघ के पूर्ण गणवेश में 5 नवंबर को शाम 4 बजे श्री रामतलाई हनुमान मंदिर प्रांगण में एकत्रित होगे। इसके बाद यहां बौद्धिक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। बौद्धिक कार्यक्रम के बाद यहां से पथ संचलन निकाला जाएगा। जो शहर के प्रमुख मार्गो से होकर गुजरेगा और शहरवासियों में देश भक्ति का भाव जागृत करेगा।



**घोष भी बाल स्वयंसेवक ही बजाएंगे**

इस बाल पथ संचलन की सारी तैयारियां बाल स्वयंसेवक की कर रहे है। बताया जा रहा है कि यह बाल पथ संचलन घोष के साथ निकलेगा। इसलिए घोष बचाने की जिम्मेदारी भी बाल स्वयंसेवक ही उठाएंगे। जिसके चलते इस पथ संचलन में जहां बाल स्वयंसेवक ही घोष बजाते हुए नजर आएंगे,वहीं घोष की थाप पर कदम ताल भी बाल स्वयंसेवक मिलाते हुए दिखाई पडेगे।

**बाल स्वयंसेवक घर-घर पहुंचकर कर रहे संपर्क,बांट रहे गणवेश**

शहर में निकलने वाले इस बाल पथ संचलन की तैयारियां का जिम्मा भी खुद बाल स्वयंसेवकों ने अपने हाथ में लिया है। जिसके चलते बाल स्वयंसेवक अलग अलग टोलियां बनाकर शहर की बस्तियों में पहुंच रहे है और घर घर पहुंचकर बाल स्वयंसेवकों को संघ की गणवेश बांट रहे है साथही उन्हें गणवेश पहनकर पथ संचलन में शामिल होने का आमंत्रण भी दे रहे है।

खबर संक्षेप

## एसडीएम ने लापरवाहों के निलंबन एवं वेतन वृद्धि रोकने प्रस्ताव भेजे

शिवपुरी। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा संचालित मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम में लापरवाही और अनुपस्थिति को गंभीरता से लेते हुए रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं एसडीएम करैरा अनुराग निंगवाल ने सुपरवाइजरों के निलंबन एवं वेतन वृद्धि रोकने के प्रस्ताव के प्रस्ताव जिला निर्वाचन अधिकारी शिवपुरी को भेजे हैं। एसडीएम निंगवाल द्वारा सुपरवाइजर राजेश्वर राम वैरागी एवं संतोष अहिरवार के निलंबन प्रस्ताव भेजे गए हैं, जबकि संतोष शर्मा का वार्षिक वेतन वृद्धि रोके जाने का प्रस्ताव दिया है। एसडीएम ने कहा कि निर्वाचन कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता का विषय है और इस कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही, अनुपस्थिति अथवा उदासीन रवैया सहन नहीं किया जाएगा। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी सुपरवाइजर एवं बीएलओ निर्धारित समयसीमा में अपने क्षेत्र का कार्य पूर्ण करें, जिससे विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य पारदर्शी एवं समय पर संपन्न किया जा सके।



फाइल फोटो

## कार ने बाइक को टक्कर मारी, युवक घायल

अशोकनगर। जिले के कचनार थाने के अंतर्गत नीतेश अहिरवार निवासी ग्राम बरखेड़ा हाट थाना आरोन जिला गुना ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वाजिदपुर चैराहे पर सफेद रंग की बुलेरो गाड़ी जिसका नम्बर एमपी 04 टीव्ही 3973 है। कार के चालक ने अपने वाहन को तेजी व लापरवाही से चलाकर उसके भाई की बाईक में टक्कर मार दी जिससे उसे चोटें आई हैं।

उद्योग विभाग ने आवंटित किए गए भूखण्डों की लीज निरस्त की

अशोकनगर। जिला मुख्यालय पर बने औद्योगिक क्षेत्र में आवंटित 28 भूखण्डों को समय सीमा अवधि निकल जाने के उपरांत भी उद्योग स्थापित नहीं करने के कारण सभी लीज डीड जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक द्वारा निरस्त कर दी गई है। आदेश में कहा गया है कि निरस्त भूखण्ड धारक अब अपना पक्ष उद्योग आयुक्त विभाग मध्यप्रदेश भोपाल के समक्ष एक माह के अन्दर अपील कर सकेंगें। समय सीमा में अपील न करने पर कार्यालय द्वारा निरस्त भूखण्डो का अधिपत्य प्राप्त कर लिया जाएगा।

### कलेक्टर की अध्यक्षता में राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक संपन्न, राजस्व प्रकरण समय-सीमा में निपटाएं

# लापरवाहों पर सख्त कार्रवाई करने की दी हिदायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी।

कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी की अध्यक्षता में गतदिवस जिलाधीश कार्यालय के सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अपर कलेक्टर दिनेश चंद्र शुक्ला, सभी एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन सहित विभिन्न राजस्व प्रकरणों की समीक्षा के साथ भू-राजस्व की वसूली, स्वामित्व योजना, लोक सेवा गारंटी प्रकरण, फार्मर रजिस्ट्री, जनसुनवाई, न्यायालयों में लंबित याचिकाएं तथा भू-अर्जन से संबंधित मामलों की स्थिति पर विस्तृत चर्चा की गई। कलेक्टर श्री चौधरी ने 3 एवं 6 माह से अधिक समय से लंबित नामांतरण, बंटवारा, स्वामित्व योजना आदि प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक प्रकरण की नियमित मॉनिटरिंग अनिवार्य रूप से हो। शासकीय भूमि से अवैध अतिक्रमण तत्काल हटाया जाए। रबी उपार्जन को देखते हुए किसानों को समय पर, पारदर्शिता के साथ खाद वितरण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ऐसे खाद विक्रेता जो अधिक दामों पर किसानों को खाद का वितरण कर रहे है, उनके विरूद्ध कार्यवाही करें। खेतों में नरवाई जलाने पर रोक व वैज्ञानिक प्रबंधन अपनाने पर जोर दिया गया।



### विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य पर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश

कलेक्टर श्री चौधरी ने निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य के संबंध में सभी राजस्व अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पुनरीक्षण कार्य का मूल उद्देश्य मतदाता सूची को अधिक सटीक, अद्यतन और त्रुटिरहित बनाना है। इसके अंतर्गत प्रत्येक मतदाता के घर-घर जाकर गणना प्रपत्र (एत्रड्ढर) भरे जाएंगे। इस प्रक्रिया में पुराने अभिलेखों, विशेषकर पिछले रकफ (2002-2004) के रिकॉर्ड का मिलान किया जाएगा ताकि किसी भी पात्र मतदाता का नाम छूटने न पाए और दोहराव से बचा जा सके। उन्होंने कहा कि बीएलओ इस कार्य की महत्वपूर्ण कड़ी हैं। इसलिए बीएलओ को बीएलओ एप में मतदाताओं की मैपिंग और फीडिंग का कार्य गंभीरता एवं जिम्मेदारी से कराना होगा।

### चयनित आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को शीघ्र मिले नियुक्ति पत्र

कलेक्टर श्री चौधरी ने निर्देश दिए हैं कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका के पद पर चयनित उम्मीदवारों को तत्काल प्रभाव से नियुक्ति पत्र प्रदान किए जाएं। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सीडीपीओ से संपर्क कर यह प्रक्रिया बिना किसी अनावश्यक विलंब के पूर्ण की जाए, ताकि चयनित उम्मीदवार जल्द से जल्द कार्यभार ग्रहण कर सकें। नियुक्ति पत्र या तो संबंधित जनप्रतिनिधियों के माध्यम से दिए जाएं अथवा व्यक्तिगत रूप से उन्हें प्रदान किए जाएं।

### धान एवं मक्का फसलों को हुई संभावित क्षति के सर्वे के निर्देश

कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी ने धान एवं मक्का की फसल को हुई संभाव्य क्षति के मद्देनजर राजस्व अधिकारियों को संयुक्त सर्वेक्षण कार्य तत्परता से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि धान एवं मक्का फसलों को हुई संभावित क्षति का सर्वे राजस्व, कृषि, उद्यानिकी तथा पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के कर्मचारियों का संयुक्त दल गठित कर किया जाए। सर्वे कार्य पूर्ण कर विस्तृत प्रतिवेदन जिला कार्यालय को प्रेषित किया जाए।

### हितग्राही मूलक योजनाओं की समीक्षा

कलेक्टर ने फार्मर रजिस्ट्री एवं प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए ई-केवाईसी तथा आधार को बैंक खाते से लिंक कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि योजना का भुगतान समय पर सुनिश्चित कराने के लिए कृषि विभाग के साथ मिलकर समन्वित रूप से कार्य करें।

## सहरिया क्रांति संयोजक के रामकृष्ण पाल अथक प्रयास से जरगवा अव्वल मे मिनिरल पाउडर पैकेट वितरित करवाए



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दिनारा।

दिनारा क्षेत्र के अंतर्गत जरगवा अव्वल मे सहरिया क्रांति कार्यालय पर भगवान बिरसा मुंडा की जन्म शताब्दी के उपलक्ष में जनजातीय गौरव दिवस पखवाड़ा के अंतर्गत भारतीय केंद्र बकरी अनुसंधान मथुरा उत्तर प्रदेश के द्वारा रामकृष्ण- घनश्याम सिंह बघेल प्रति. जनपद सदस्य के नेतृत्व में ग्राम पंचायत सेमरा के ग्राम जरगवा अव्वल में मुख्य तकनीकी विकास अधिकारी मथुरा के विनोद कुमार शर्मा के द्वारा भगवान बिरसा मुंडा की छायाचित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए कार्यक्रम को प्रारंभ किया।

इसमें आदिवासी सहरिया किसान भाइयों को विभिन्न प्रकार की जानकारियां उपलब्ध कराई दी एवं बकरी पालन एवं उसके खान-पान के लिए जानकारी दी गई तथा बकरियो के लिए मिनिरल पाउडर पैकेट भी उपलब्ध कराये गये जिससे बकरी का स्वास्थ अच्छा रहेगा और अधिक दूध देंगे तथा स्वस्थ बच्चे को भी जन्म देगी।

इसमें लगभग आधा सैकड़ा किसान आदिवासी भाई उपस्थित रहे जिसमें प्रमुख रूप से उपस्थित रहे ,करन आदिवासी,कमलेश आदिवासी,रामचरण आदिवासी,मुरारी आदिवासी , कैलाशी आदिवासी ,रमेश आदिवासी , गायत्री आदिवासी ,विशाल आदिवासी सहित मौजूद रहे।

### छात्र-छात्राओं की रंगारंग प्रस्तुतियों ने बांधा समां, कई कार्यक्रमों का किया गया आयोजन

## मध्यप्रदेश स्थापना दिवस पर सजी सांस्कृतिक संध्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी




मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर मानस भवन शिवपुरी में भव्य सांस्कृतिक समारोह का आयोजन किया गया। रंगारंग प्रस्तुतियों से सजी इस संध्या में देशभक्ति तरानों पर छात्र-छात्राओं ने पूरे वातावरण को देशभक्ति और गौरव के भाव से ओतप्रोत कर दिया। कार्यक्रम की शुरुआत जिला पंचायत अध्यक्ष नेहा यादव के मुख्य आतिथ्य में मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर की गई। इस अवसर पर शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय शिवपुरी क्रमांक-1 की बालिकाओं द्वारा प्रस्तुत ह्लमध्यप्रदेश गानह्व से हुई, जिसमें यह संदेश दिया गया कि ह्लभारत का हृदय है मध्यप्रदेशह्व, जहां विंध्याचल का भाल है, नर्मदा का कलकल जल जीवनदायिनी बनकर बहता है, शिप्रा का अमृतकुंड है, और महाकाल के तिलक से पावन यह भूमि अपनी अनोखी पहचान रखती है। इसके बाद विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने मनमोहक नृत्य व गायन प्रस्तुतियां दीं। उनकी प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। तालियों की गूंज से सभागृह कई बार गुंजायमान हुआ।

शासकीय सांदीपनि उमावि शिवपुरी की बालिकाओं द्वारा दी गई प्रस्तुति तिल देखा ताड़ देखो, शासकीय उमावि आदर्श नगर शिवपुरी की बालिकाओं द्वारा कुछ करिए ...चक दे इंडिया, शासकीय उमावि सदर बाजार शिवपुरी की बालिकाओं द्वारा बड़ा नीग लागे अपने देशवा की माटी, शासकीय उत्कृष्ट उमावि क्रमांक-1 शिवपुरी की बालिकाओं द्वारा अब के बरस तुम्हें पर धरती की रानी, अशा.गणेशा ब्लास्ड स्कूल द्वारा तेरा हिमालय आकाश छूले, शासकीय उमावि कन्या कोर्ट रोड शिवपुरी की छात्राओं द्वारा ह्लम्हारो प्यारो मध्यप्रदेशह्व को दर्शकों के खूब सराहा। संगीतमय संध्या को और भावपूर्ण बनाने में गायक सुश्री अनुष्का श्रीवास्तव एवं प्रवीण श्रीवास्तव करेरा द्वारा देशभक्ति गीत का गायन तथा शासकीय कन्या शिक्षा परिसर शिवपुरी की छात्राओं द्वारा आदिवासी गीत का गायन किया गया। इस अवसर पर जिले की विशिष्ट प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विजय राज, जिला शिक्षा अधिकारी विवेक श्रीवास्तव, जिला परियोजना समन्वयक दफेदार सिंह सिकरवार, डी.ए.टी.सी.सी. शिवपुरी के सहायक नोडल अधिकारी सौरभ गोड सहित बड़ी संख्या में नागरिक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन गिरीश मिश्रा एवं हेमलता चौधरी के द्वारा किया गया।

## 45 वर्ष की शासकीय सेवा निवृत्ति पर विदाई

अशोकनगर। स्थानीय प्रधान डाक घर में अपनी सेवाएं 45 वर्ष तक प्रदान करने के बाद सेवा निवृत्ति पर डाकघर में एक विदाई समारोह आयोजित किया गया। जिसमें उनकी ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और साफ सुथरी छवि को लेकर विभागीय लोगों ने अपने अपने विचार रखे और उन्हें पुष्प मालाएं पहनाकर उनका सम्मान किया।



इस अवसर पर प्रधान डाकघर अशोकनगर डाकपाल विष्णु यादव, प्रशासनिक अधिकारी श्याम रघुवंशी, एसवी सीओ प्रतीक श्रीवास्तव, डिप्टी पोस्ट मास्टर कुजूर मैडम, एसवी प्रमुख ज्योति मैडम, वावू आकाश कुशवाह, पोस्ट मैन महेश, पूर्व बीपीएम पृथ्वी एवं आइपीबी मैनेजर बिकाश कुमार, एवं विभाग के खजांची बृजेन्द्र रघुवंशी भी मौजूद रहे। स्थानीय अग्रवाल पैलेस में भी सेवा निवृत्ति पर विदाई समारोह का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें शहर भर के गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया। जिनमें विधायक हरीबाबू राय, एसडीओपी विवेक शर्मा, पुलिस निरीक्षक नरेन्द्र त्रिपाठी अभिभाषक जगतनारायण राजौरिया, अभिभाषक महेन्द्र यादव, पेंशनर्स संघ की ओर से अशोक शर्मा, महेश शर्मा, वरिष्ठ समाज सेवी ग्रीस जैन, पार्षद रीतेश जैन, सचिन त्यागी के साथ उनके परिवारजनों और रिश्तेदारों ने विदाई समारोह को संबोधित किया।

## अशोकनगर में खेल युवा कल्याण विभाग के द्वारा 07 को किया जाएगा युवा उत्सव का आयोजन

अशोकनगर। संचालनालय खेल और युवा कल्याण विभाग के निर्देशानुसार 15 से 29 वर्ष आयुवर्ग के युवाओं की प्रतिभा को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से जिला/संभाग/राज्य/राष्ट्रीय स्तर पर सांस्कृतिक युवा उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन नवीन संशोधित तिथि 07 नम्बर 2025 को माधव भवन, पुराना बाजार अशोकनगर में किया जायेगा। प्रभारी जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी अरूण रघुवंशी ने बताया गया कि, जिला स्तर पर यह आयोजन 07 विधाऐं भाषण, कहानी लेखन, पेटिंग, समूह लोकनृत्य, समूह लोकगीत, कविता लेखनविज्ञान मेला प्रदर्शनी की विद्याओं में प्रदत्त गाईड लाईन अनुसार किया जाना है। वह युवा जिनकी आयु 15 से 29 वर्ष (01 सितम्बर 2025 की स्थिति में) हो इस आयोजन में सहभागिता कर सकते हैं। इस हेतु आवेदक को माय भारत पोर्टल पर ऑनलाईन पंजीयन एवं ऑफलाईन आवेदन पत्र में जन्म प्रमाण पत्र/10वीं अंकसूची, आधार कार्ड, 01 पासपोर्ट फोटो आदि संलग्न कर आयोजन से पूर्व कार्यालय में भाग ले सकेंगे। एक प्रतिभागी केवल 01 विद्या में भाग ले सकते हैं।

## तीन दिनी 'गीता ज्ञान यज्ञ में डॉ. पटसरिया ने बताया-भक्ति ही है भगवान की कसौटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जिले के शाढ़ौरा कस्बे में गीता स्वाध्याय समिति द्वारा आयोजित तीन दिवसीय गीता ज्ञान यज्ञ का भव्य शुभारंभ किया गया। साहू मैरिज गार्डन में चल रहे इस आयोजन के दूसरे दिन शनिवार को विश्व गीता प्रतिष्ठानम उज्जैनी के केंद्रीय शिक्षण प्रमुख डॉ. ओम प्रकाश पटसरिया ने गीता के बारहवें अध्याय पर विस्तार से प्रवचन दिया, जिसमें उन्होंने भगवान कृष्ण द्वारा वर्णित भक्ति के गूढ़ रहस्यों को उजागर किया।

### हर परिस्थिति में भगवान की अनुकूलता ही भक्ति का मूल है

कथा वाचन के दौरान डॉ. पटसरिया ने बताया कि भक्ति एक परीक्षा है और भगवान अपने भक्तों की बार-बार परीक्षा लेते हैं। उन्होंने श्रद्धालुओं को प्रेरित करते हुए कहा कि हमें परीक्षा की घड़ी में विचलित होने के बजाय भगवान के प्रति और अधिक आसक्त हो जाना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि हर परिस्थिति में भगवान की अनुकूलता बनाए रखना और उसके आश्रित रहना ही भक्ति का मूल है। डॉ. पटसरिया ने आगे कहा कि भगवान ने पृथ्वी पर अवतार केवल भक्तों के उद्धार के लिए लिया है, न कि ज्ञानियों के उद्धार के लिए। उन्होंने बाल रूप की सरलता की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनमें कोई बैर भाव, ईर्ष्या या क्रोध नहीं होता, इसलिए वे सभी को प्रिय होते हैं।



### भक्त और ज्ञानी में अंतर

डॉ. पटसरिया ने गीता के 12वें अध्याय में कृष्ण-अर्जुन संवाद का उल्लेख करते हुए बताया कि भगवान अर्जुन को समझाते हैं कि ज्ञानियों में अभिमान आ सकता है, लेकिन भक्तों में कभी अभिमान नहीं आता। यद्यपि भक्त और ज्ञानी दोनों ही उन्हें प्राप्त होते हैं, परंतु भक्त उन्हें अधिक प्रिय होते हैं। कथा श्रवण के लिए गीता स्वाध्याय समिति के सदस्यों के अलावा शाढ़ौरा के स्थानीय नागरिक और गुना-अशोकनगर से श्रद्धालु पहुंचे।

### आज होगा नृत्य नाटिका का मंचन

गीता ज्ञान यज्ञ के विश्राम दिवस रविवार पर एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर सुबह से संपूर्ण गीता का पाठ किया जाएगा साथ ही गीता पर आधारित एक नृत्य नाटिका का मंचन किया जाएगा। इस नाटिका की विशेषता यह है कि इसमें दिव्यांग व्यक्तियों द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा, जिसका निर्देशन डॉ. उमेश वैध करेंगे।

### आज दर्शनोदय तीर्थ थूवोनजी जाएगी चक्रवर्ती के साथ पदयात्रा

## जो कर्म में अव्वल वही धर्म में अव्वल हो सकता है: मुनिश्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

02 नवबंर का वह दिन आई गया जब जिले के इतिहास में भव्य तीर्थ वंदना यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। अनगिनत श्रद्धालु मुनिश्री के साथ इस तीर्थ वंदना यात्रा का हिस्सा बनेगें। यह यात्रा अशोकनगर शहर में दोपहर 12 बजे प्रांरभ होगी और कईं अंचलों से होते हुए 4 नवबंर को जिले के सबसे बड़े जैन तीर्थ श्री थूवोनजी पहुंचेगी जहां इस वंदना रथ यात्रा का समापन होगा। जिले भर के साथ पड़ौसी जिलों से भी अनेक रथ और वैण्ड इस यात्रा में शामिल हो रहे हैं।

इस मौके पर मुनि श्री सुधासागर जी महाराज ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति को मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम ने समृद्ध किया है। भगवान श्री राम के जीवन पर एक पुराण रविसेण आचार्य महाराज ने लिखा कि एक राजा वैराग्य को प्राप्त कर अपने पुत्र को राज्य सौंपने लगें तो पुत्र ने कारण जानकर राज्य लेने से इंकार कर दिया। ऐसे ही पांच और पुत्र राजा के साथ वैराग्य को धारण कर वन तपस्या करने चले दिये। समर्थ होकर धर्म किया जाता है। असमर्थ व्यक्ति कभी साधु नहीं वन सकता। धर्म पलायन वादी नहीं है





पाप कर्मों के उदय से परेशान हो कर धर्म करोगे तो मज़ा नहीं आयेगा। उन्होंने कहा कि वहीं धर्म क्षेत्र में भी अव्वल हो सकता है रामधारी सिंह दिनकर लिखते हैं क्षमा शोभती उस भुजंग को जिसके पास गरल है वह क्या दंत हीन विष रहती सरल है। सपेरे द्वारा सांप के विष वाले दांत पहले ही तोड़ दिये फिर भी फिर सांप कहें जा मैंने तुझे छोड़ दिया।

### पंच कल्याणक महोत्सव के पूर्व हो रही है गोद भराई

इस दौरान जैन समाज के मंत्री विजय धुर्रा ने कहा कि हम सब के सौभाग्य से नो दिसंबर से पंद्रह दिसंबर तक होने वाले श्री मद् जिनेन्द्र पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महा महोत्सव एवं विश्व शांति महायज्ञ एवं गजरथ महोत्सव में हमारे चक्रवर्ती परिवार अनीता राकेश अमरोद को भगवान के माता-पिता वनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। घर घर उनके निमंत्रण के साथ ही गोंद भराई जा रही है। जिसे अवसर मिले पीछे मत रहना। परम पूज्य राष्ट्र संत आध्यात्मिक संत निर्यापक श्रमणमुनिपुंगवश्रीसुधासागर जी ने यहां तक कह दिया कि आपके घर को सौभाग्य प्राप्त नहीं हो तो भी कोई बात नहीं। आप अपने मोहल्ले में आने पर उत्सव मना लेना। आज हमारे परिवार को यह सौभाग्य प्राप्त हो रहा है। दोपहर में माता मरूदेवी की गोद भराई सम्पूर्ण विधि जैन समाज के मंत्री विजय धुर्रा के निवास पर की गई। इस दौरान सभी परिवार जनों ने माता का आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके पहले जैन समाज अध्यक्ष राकेश कासंल महामंत्री राकेश अमरोद कोषाध्यक्ष सुनील अखाई उपाध्यक्ष अजित बरोदिया प्रदीप तारई राजेन्द्र अमन मंत्री शैलेन्द्र श्रागर मंत्री विजय धुर्रा मंत्री संजीव भारल्लिय मीडिया प्रभारी अरविंद कचनार आडिटर सजंय के टी थूवोनजी अध्यक्ष अशोक जैन टींगू मिल महामंत्री मनोज भैसरवास आदि ने सभी पात्रों का माला पहनाकर तिलक किया

### रथयात्रा महोत्सव में विभिन्न झांकियां होंगी आकर्षक का केन्द्र, भरत चक्रवर्ती रहेंगे

दर्शनोदय तीर्थ थूवोनजी के लिए परम पूज्य राष्ट्र संत मुनि पुगंव श्री सुधासागरजी महाराज ससंघ क्षुल्लक श्री गम्भीर सागर जी महाराज क्षुल्लक श्री वरिष्ठ सागर जी महाराज क्षुल्लक विदेह सागर जी महाराज ससंघ सान्निध्य एवं प्रतिष्ठा चार्य प्रदीप भैया मुकेश भैया के निर्देशन में चक्रवर्ती की भव्य शोभायात्रा को रजत रथ यात्रा के रूप में निकाला जा रहा है। जो 2 नवम्वर को दोपहर में 12 वजे सुभाष गंज मैदान से प्रारंभ होगी जैन समाज के मंत्री विजय धुर्रा ने कहा कि इस भव्य अति भव्य दिव्य रथ यात्रा में अशोकनगर की वर्षा पुरानी चल झांकियो को जीवंत किया जा रहा है। इसमें श्री दिगम्बर जैन युवा वगर्, जैन जागृति मंडल, जैन मिलन, सुधा सेवा संगठन, विद्या सुधामय सेवा मंडल, भक्तावर मंडल सहित अन्य प्रमुख संगठन भव्य प्रस्तुति दे रहे हैं।